हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 26 मई 2026

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 30.0 डिग्री

11 जल संरक्षण के लिए शोकता गड्ढा निर्माण का भूमिपूजन

12 झीरम श्रद्धांजलि दिवस पर कांग्रेसियों ...






# नौतपा के पहले दिन पारा 44 डिग्री पर लोग हुए 'हीट वेव अरेस्ट'

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

नौतपा के पहले दिन ही भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को घरों में कैद रहने पर मजबूर कर दिया। सुबह 9 बजे के बाद ही ऐसा महसूस होने लगा मानो आसमान से आग बरस रही हो। दोपहर होते-होते बाजार और सड़कें लगभग सुनसान नजर आने लगीं। गर्मी और उमस के कारण कूलर की ठंडी हवा भी बेअसर महसूस हो रही है। हीट वेव से जनजीवन प्रभावित रहा। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है।



## दोपहर मे सड़कें रही सुनी

**खरोरा।** सोमवार से नौतपा की शुरुवात हुई। नौतपा के 9 दिनों को साल का सबसे गर्म दिन माना जाता है। जिससे सूरज की किरणे सीधे धरती पर पड़ती रही है। जिससे पारा 44 डिग्री के करीब पहुंच गया। लोग गर्मी से बेहाल रहे।ज्ञात हो कि आज से नौतपा प्रारंभ होकर 2 जून तक रहेगा। गर्म हवाओं से बचने लोग चेहरे पर स्कार्प बांधे एवं चश्मा लगाये हुए नजर आये।

लगातार बढ़ते तापमान और हीटवेव को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी कर लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। डॉक्टरों के अनुसार तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण सनबर्न, डिहाइड्रेशन, शारीरिक ऐंठन, अत्यधिक थकावट और ताप-दाह जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।हीटवेव के कारण त्वचा पर लाल चकत्ते, सूजन, फफोले, सिरदर्द और बुखार जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। वहीं अत्यधिक गर्मी से शरीर में पानी की कमी होने पर कमजोरी, चक्कर आना, उल्टी, अधिक पसीना आना और बेहोशी जैसी स्थिति बन सकती है। ▸▸ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### छह किलो गांजा के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार

रायपुर। सरस्वती नगर पुलिस ने दो महिलाओं के कब्जे से छह किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया है। दोनों महिलाएं गांजा बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश रही थीं। इस दौरान पुलिस ने चित्रा यादव तथा तनूजा देवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों महिलाओं को कुकुरबेड़ा के पास से गिरफ्तार किया।

### महिला के घर पटाखा बम फेंका दी जान से मारने की धमकी

**रायपुर ।** कबीर नगर थाना क्षेत्र में एक बदमाश ने एक महिला तथा उसके परिवार को धमकाने के लिए शनिवार देर रात उसके घर पटाखा बम फेंक दिया। घटना का सीसीटीवी फूटेज भी सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने बम फेंकने वाले बदमाश तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हीरापुर, वीर सावरकर नगर निवासी महिला रिंकू तिवारी ने उसी क्षेत्र के रहने वाला सोनू पटेल और उसके साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि बम फेंकने वाले बदमाशों ने चाकू लहराते हुए महिला तथा उसके परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी दी। बताया जा रहा है, रिंकू तिवारी ने कुछ माह पूर्व बदमाशों के खिलाफ अपनी बेटी के साथ छेड़खानी करने की थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। तब पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया था। जेल से छूटने के बाद रिंकू से बदला लेने बदमाश ने महिला को डराने की नीयत से उसके घर में पटाखा बम फेंका।

### सर्व आदिवासी समाज ने सीएम साय से की भेंट



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल और मुख्यमंत्री के बीच सामाजिक समरसता, जनकल्याण तथा छत्तीसगढ़ के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री ने भी समाज के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य सरकार आदिवासी समाज के विकास, संस्कृति के संरक्षण और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।





कार्रवाई : गाड़िया जब्त, लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले 25 चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस अब पूरी तरह से एक्शन मोड में है। पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के निर्देशन में जिलेभर में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई से नियम तोड़ने वाले चालकों में हड़कंप मच गया।

24 मई को शाम 6 बजे से लेकर रात 9 बजे तक पुलिस की अलग-अलग टीमों ने जिले के विभिन्न चौक-चौराहों पर एक साथ मोर्चा संभाला। इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान भारी वाहनों






(ट्रक-बस), चार पहिया गाड़ियों और दोपहिया वाहनों को रोककर सघन जांच की गई। पुलिस ने आधुनिक ब्रेथ एनालाइजर मशीन का उपयोग कर चालकों की जांच की। इस दौरान 25 वाहन चालक शराब के नशे में धुत होकर गाड़ी चलाते हुए रंगे हाथों पकड़े गए। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इन सभी 25 वाहनों को जब्त कर लिया है।पुलिस प्रशासन के अनुसार, जब्त किए गए सभी 25 वाहनों को उचित कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही, नशे में ड्राइविंग करने वाले इन सभी आरोपियों के ड्राइविंग लाइसेंस को निलंबित करने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

### पुलिस ने की आम जनता से अपील

जिला पुलिस ने साफ कर दिया है कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ यह सख्ती आगे भी लगातार जारी रहेगी। इसके साथ ही पुलिस ने आम नागरिकों से जिम्मेदार बनने की अपील की है हमेशा यातायात नियमों का पूरी निष्ठा से पालन करें। किसी भी परिस्थिति में शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन न चलाएं। आपकी एक लापरवाही आपकी और दूसरों की जान जोखिम में डाल सकती है। सुरक्षित सफर ही सही सफर है।

## नगर में स्वच्छता पर खुलकर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

नगर पंचायत पलारी के सभाकक्ष में भारत स्काउट एवं गाइड्स तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में तारुणी वार्ता पीरियड्स पर खुलकर बात अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पलारी ब्लॉक के नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए अभियान को शत-प्रतिशत सहयोग देने का संकल्प जताया।गोपी साहू नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा माहवारी कोई शर्म का विषय नहीं बल्कि एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है। समाज को अब इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़नी होगी। डॉ. पंकज वर्मा विकासखंड चिकित्सा अधिकारी ने ▸▸ शेष पेज 10 पर

### सेनेटरी पैड के सही उपयोग की दी जानकारी

मासिक स्वच्छता प्रबंधन लीडर नेहा उपाध्याय गाइड के नेतृत्व में स्वच्छता दीदियों के बीच एक विशेष चर्चा आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य माहवारी पीरियड्स को लेकर समाज में व्याप्त शर्म और झिझक को दूर करना था। कार्यशाला में सेनेटरी पैड के सही उपयोग, मासिक धर्म के दौरान सही खान-पान और बच्चियों को एक सुरक्षित व खुला माहौल देने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बातचीत हुई। महिलाओं ने खुलकर अपने सवाल पूछे और गर्व से संदेश दिया से इट प्राउडली, यस आई ब्लीड।

## आंखों में मिर्च झोंककर लूट के 3 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय के रायपुर रोड स्थित शराब दुकान के पास बीती रात मिर्च पाउडर छिड़ककर और पत्थर से हमला कर लूटपाट करने वाले तीन शातिर आरोपियों को सिटी कोतवाली पुलिस ने महज 1 घंटे के भीतर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। इस पूरी कार्रवाई में प्रार्थी और उसके दोस्त का साहस और पुलिस की त्वरित कार्यप्रणाली सराहनीय रही, जिसके चलते लूटा गया शत-प्रतिशत सामान भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 24 मई की रात लगभग 9.30 बजे प्रार्थी अपने मित्र नरेश ध्रुव के साथ रायपुर रोड शराब दुकान से निकला और अपनी मोटरसाइकिल पर बैठ रहा था। इसी दौरान इंदिरा कॉलोनी निवासी तीन आरोपियों ने पीछे से आकर अचानक प्रार्थी की आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया।

आरोपियों ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और पैसों व मोबाइल की मांग की। जब प्रार्थी ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके सिर पर पत्थर, ईंट से जानलेवा हमला कर दिया और जेब में रखा एक मोबाइल व 1500 नगद लूटकर फरार हो गए। सिटी कोतवाली पुलिस ने मामले में धारा 296, 115(2), 309(2), 3(5) बीएनएस (BNS) के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। पकड़े गए आरोपी गौतन कुर्रे 19 वर्ष, नंदू मनहरे 22 वर्ष और भुवन कुर्रे 22 वर्ष वार्ड नंबर 1, इंदिरा कॉलोनी सभी बलौदाबाजार निवासी हैं।

### पीड़ित के साहस से दबोचे गए आरोपी

घटना के तुरंत बाद प्रार्थी और उसके मित्र ने हार नहीं मानी और अदम्य साहस दिखाते हुए तत्काल एक आरोपी गौतम कुर्रे को मौके पर ही दबोच लिया। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के निर्देशन में सिटी कोतवाली पुलिस तुरंत एक्शन में आई। पकड़े गए आरोपी गौतम से जब कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने अपने अन्य दो साथियों के नाम उगल दिए। पुलिस की टीम ने बिना वक्त गंवाए आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी और वारदात के मात्र 1 घंटे के भीतर अन्य दोनों आरोपियों को भी हिरासत में ले लिया। आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल और 1500 नगद राशि शत-प्रतिशत बरामद कर ली गई है।

## सुशासन तिहार में सुनी गई नगरवासियों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

सोमवार को कसडोल नगर में द्वितीय चरण की सुशासन तिहार का आयोजन नगर के हृदय स्थल बजरंग चौक में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश के अध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया ▸▸ शेष पेज 10 पर



### अवैध महुआ शराब बिक्री रोकने की मांग

नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने अपने उद्बोधन में नगर में अवैध महुआ शराब बिक्री पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे सामाजिक वातावरण एवं युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से अवैध शराब बिक्री पर सख्त कार्रवाई करते हुए इसे पूर्णतः बंद कराने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि नगर के विकास एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए नगर पंचायत लगातार कार्य कर रही है। सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान नागरिकों की समस्याएं भी सुनी गईं तथा उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के माध्यम से शासन और जनता के बीच संवाद स्थापित कर समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल की गई। इसके साथ ही सुशासन तिहार में कुल 1079 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें कई मामलों पर त्वरित निराकरण किया गया।

## पुराने बस स्टैंड और तिराहा में लगने वाले हाई मास्क लाइट का भूमिपूजन



**सिमगा।** जिला कलेक्टर बलौदाबाजार के द्वारा सिमगा नगर के लिए दो नग हाई मास्क लाईट स्वीकृत किया गया है। जिसका आज नगरपालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया एवं भाजपा नेता अनिल पांडेय के विशेष उपस्थिति में भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर अनिल पांडेय ने कहा कि इस हाई मास्क लाईट लगने से नगर वासियों को इसका लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर अभिजीत अवस्थी, पार्षद मुकुंद रजक, टेबू देवांगन, पितांबर सोनकर, अनूप तिवारी, माया सलूजा, तिलक देवांगन, शकूर रजक, प्रशांत देवांगन, सहित मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशिभूषण श्रीवास्तव एवं पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।

झीरम हत्याकांड के शहीदों को कांग्रेस भवन में दी गई श्रद्धांजलि

# अमर शहीदों का त्याग और बलिदान सदैव याद रहेगा : इन्द्र साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

झीरम घाटी में 13 वर्ष पूर्व नक्सलियों द्वारा किये गए नरसंहार में शहीद कांग्रेस पार्टी के तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शहीद नंदकुमार पटेल, शहीद विद्याचरण शुक्ल, बस्तर टाइगर शहीद महेन्द्र कर्मा, उदय मुदलियार, दिनेश पटेल, योगेंद्र शर्मा सहित समस्त शहीदों वीर जवानों को कांग्रेस भवन में सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई।

श्रद्धांजलि सभा में विधायक इंद्र साव ने कहा कि 25 मई 2013 को झीरम घाटी में हमारे कांग्रेस के नेताओं की हत्या लोकतंत्र की आत्मा पर आघात था, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

विधायक साव ने कहा - लोकतंत्र एवं जनसेवा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों का त्याग और बलिदान सदैव याद रखा जाएगा। इस हमले में हमारे कई अनुभवी राजनेता और सुरक्षाबल के जवान वीरगति को प्राप्त हुए। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हमें नक्सलवाद के खिलाफ सामाजिक एकजुटता और जनचेतना से संघर्ष करना होगा। वहीं बड़े दुर्भाग्य की बात है इतने बड़े हमले के बाद भी प्रदेश सरकार ने इसके जिम्मेवार नक्सलियों के खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई नहीं कर पाई है। उन्होंने सभी शहीद नेताओं एवं जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी कांग्रेसजनों से उनके आदर्शों का पालन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने शहीद नेताओं और वीर शहीद ▸▸ शेष पेज 10 पर



### लोकतंत्र और जनसेवा के प्रति शहीदों के योगदान को किया नमन

**बलौदाबाजार।** जिला कांग्रेस कार्यालय में आज झीरम घाटी के शहीद नेताओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शहादत दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा लोकतंत्र, संविधान एवं जनसेवा के प्रति उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि झीरम घाटी के शहीद नेताओं का बलिदान सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उनके संघर्ष, समर्पण एवं कांग्रेस विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष ▸▸ शेष पेज 10 पर



# पीसीसी अध्यक्ष की कुर्सी पर सियासी बयानबाजी, टीएस-बैज मामले से भूपेश ने किया किनारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी को लेकर चल रही सियासी बयानबाजी अब खुलकर सामने आने लगी है। प्रदेश कांग्रेस में इन दिनों नेताओं के बयानों ने सियासी तापमान बढ़ा दिया है।

■ अंतिम फैसला दिल्ली दरबार से तय होगा : भूपेश

एक तरफ टीएस सिंहदेव जिम्मेदारी निभाने की इच्छा जता रहे हैं, दूसरी तरफ दीपक बैज युवा नेतृत्व की बात कर रहे हैं। भूपेश बघेल ने खुद को इस बयानबाजी से अलग रखते हुए साफ संकेत दिया कि अंतिम फैसला दिल्ली दरबार से ही तय होगा। टीएस सिंहदेव और दीपक बैज के बीच जारी बयानबाजी के बीच पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, वे टीएस सिंहदेव के किसी बयान पर प्रतिक्रिया नहीं देते।

उन्होंने कहा, वे टीएस सिंहदेव के किसी बयान पर प्रतिक्रिया नहीं देते। दीपक बैज पिछले तीन से साढ़े तीन साल से प्रदेश अध्यक्ष हैं और सभी उनके नेतृत्व में काम कर रहे हैं। किसे नेता प्रतिपक्ष बनाना है और किसे प्रदेश अध्यक्ष, यह फैसला पार्टी हाईकमान का होता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा, कि पार्टी में किसे क्या जिम्मेदारी मिलेगी, इसका फैसला हाईकमान करता है। उसके लिए मैं अपनी बुद्धि नहीं लगता।

### बैज ने टीएस पर कसा था तंज



टीएस सिंहदेव के बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा था कि बाबा बड़े नेता हैं, उन्हें दिल्ली जाकर काम करना चाहिए। प्रदेश में युवाओं को मौका मिलना चाहिए। श्री बैज के इस बयान को कांग्रेस के भीतर चल रही अंदरूनी खींचतान और परिवर्तन की राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।



### टीएस ने दिया था ये बयान



हाल ही में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा था कि अगर पार्टी उन्हें प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी देती है तो वे उसे निभाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि वे छत्तीसगढ़ के लिए ही काम करेंगे। उनके बयान के बाद कांग्रेस के भीतर नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया।

## खबर संक्षेप

### कवि संजीव ठाकुर भोपाल में होंगे सम्मानित



**रायपुर।** भोपाल में 5 जुलाई को एक प्रतिष्ठित समारोह में लेखक, कवि संजीव कुमार ठाकुर को राष्ट्रीय गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता, साहित्य शिखर सम्मान प्रदान किया जाएगा। दिल्ली-भोपाल में 45 वर्ष पूर्व स्थापित निर्दलीय प्रकाशन द्वारा हर वर्ष भोपाल में राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आध्यात्मिकविदों, गांधीजनों, चिंतक, शिक्षाविदों, समाजवियों, साहित्यकारों और पत्रकारों को सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ के साहित्यकार कवि संजीव कुमार ठाकुर का चयन राष्ट्रीय गणेश शंकर विद्यार्थी साहित्य तथा पत्रकारिता सम्मान के लिए किया गया है। इस आशय की लिखित सूचना निर्दलीय प्रशासन के संचालक, प्रकाशक द्वारा दी गई और 5 जुलाई को कार्यक्रम में उपस्थित होने की सहमति भी मांगी गई है।

### अनुरेखक के लिए आवेदन प्रारंभ

**रायपुर।** जल संसाधन विभाग के अंतर्गत अनुरेखक सिविल के रिक्त पदों के लिए आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। कैंडिडेट 15 जून तक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा की संभावित तिथि 2 अगस्त है। आवश्यक योग्यता, पाठ्क्रम, शुल्क सहित अन्य जानकारी व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### गर्मी और ईंधन संकट फील्ड कॉल को निलंबित करने की अपील

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पड़ रही तेज गर्मी और वैश्विक ईंधन संकट को ध्यान में रखते हुए बाहरी वातावरण में व्यापक रूप से काम करने वाले चिकित्सा प्रतिनिधियों फील्ड कॉल निलंबित करने की अपील एएचपीआई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता एवं महासचिव डा. अतुल सिंघानिया ने फार्मा कंपनियों एवं डाक्टरों से की है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी की लहरों ने निरंतर फील्ड आवागमन को शारीरिक रूप से थका देने वाला और चिकित्सकीय रूप से असुरक्षित बना दिया है। यात्रा और डॉक्टर के दौरे के दौरान उच्च तापमान के लंबे समय तक संपर्क में रहने से निर्जलीकरण, छाती की थकावट, सीने में दर्द और अन्य स्वास्थ्य जटिलताओं का खतरा काफी बढ़ जाता है। इसके अलावा वैश्विक ईंधन तेल संकट के कारण पेट्रोल/डीजल की खपत को कम करने पर जोर दिया है।

## महंगाई की मार से हर सेक्टर का बाजार प्रभावित

# महंगाई का शादी-सीजन पर अटैक, धंधा मंदा, हजार करोड़ का कम होगा कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शादी-ब्याह के सीजन में इस बार राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में जमकर खरीदारी तो जरूर हो रही है, लेकिन इस बार का सीजन बीते साल के सीजन से कम रहेगा। एक तरफ जहां महंगाई की मार सोने-चांदी से लेकर कपड़ों पर भी पड़ी है, वहीं एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने के साथ ही इसको लेकर चल रही मारामारी के कारण शादियों में मेहमानों की संख्या कम होने के साथ खाने के आइटम भी कम हो गए हैं। ऐसे में इस बार हजार करोड़ का कारोबार कम होगा। सोने-चांदी के गहनों, कपड़ों, इलेक्ट्रॉनिक सामान के साथ बर्तन, फर्नीचर, कैटरिंग के साथ ही होटल, भवनों के किराए को मिलाकर सीजन में करीब दो हजार करोड़ का कारोबार होगा। अगर सामान्य समय रहता तो यह कारोबार तीन हजार करोड़ का हो जाता। अक्षय तृतीया से शादियों का बड़ा सीजन प्रारंभ हो गया है। इस सीजन का सबको इंतजार रहता है। इसी सीजन में बहुत शादियां होती हैं। शादियों के लिए हर वर्ग के लोग अपनी क्षमता के हिसाब से खरीदारी कर रहे हैं। महंगाई के कारण लोगों ने अपनी खरीदारी का तरीका बदला है और अपने बजट के हिसाब से ही सारे सामान ले रहे हैं।

### सोने की कीमत ज्यादा, खरीदी आधा



शादियों के लिए सोने और चांदी के गहनों की थोक में बिक्री होती है। सराफा कारोबारियों के मुताबिक, जुलाई तक के सीजन में 500 करोड़ से ज्यादा का कारोबार पूरे प्रदेश में होगा। यह कारोबार बीते साल से करीब तीन सौ करोड़ कम होगा। इस समय सोने और चांदी की कीमत आसमान पर चली गई है। सोना जहां एक लाख 62 हजार पांच सौ रुपए है, वहीं चांदी के दाम पौने तीन लाख हैं। दाम ज्यादा होने के कारण फर्क इतना है कि लोग अपने बजट के हिसाब से खरीदारी कर रहे हैं।

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के मुताबिक, सोने की कीमत को देखते हुए अब लोग अपने बजट के हिसाब से खरीदारी कर रहे हैं। चांदी कारोबारी लक्ष्मीनारायण लाहोटी के मुताबिक, चांदी में भी अब लाइटवेट जेवर ज्यादा बिक रहे हैं।

### होटल, भवन, टेंट, कैटरर्स की भी चांदी





शादियों के मुहूर्त के हिसाब से पहले से ही होटल, भवन सब बुक हो गए थे। टेंट और कैटरिंग कारोबारी जसपाल सिंह होरा के मुताबिक, पूरे सीजन में होटल, भवन, टेंट, कैटरिंग को मिलाकर करीब ढाई सौ करोड़ का कारोबार प्रदेश में होने की संभावना है। इस बार कारोबार बीते साल से थोड़ा कम होगा, क्योंकि गैस सिलेंडर की कमी के कारण लोग कम मेहमानों को बुला रहे हैं। इसी के साथ खाने के आइटम भी कम हो गए हैं। अगर पहले जैसी स्थिति रहती तो पांच सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार होता।

### इलेक्ट्रॉनिक्स में महंगे आइटम का क्रेज



शादियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक आइटम की भी जमकर खरीदारी हो रही है। लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक राजेश वासवानी के मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स में महंगे आइटम का ज्यादा क्रेज है, चाहे इसमें मोबाइल की बात हो, एसी, फ्रिज या फिर एलईडी टीवी की बात हो। हालांकि लोग अपने बजट के हिसाब से खरीदारी करते हैं, लेकिन महंगे आइटम अब गांववाले भी खरीद रहे हैं। पूरे सीजन में चार सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार होने की संभावना है। कई आइटम्स के दाम बढ़ने के कारण करीब दो सौ करोड़ का कारोबार प्रभावित होगा।

### 500 करोड़ का कपड़ा बाजार



प्रदेश का सबसे बड़ा राजधानी रायपुर का पंडरी कपड़ा बाजार इस बार लगातार गुलजार है। यहां पर रोज प्रदेशभर से लोग खरीदारी करने लगातार आ रहे हैं। शादियों के लिए भी जमकर खरीदारी हो रही है, लेकिन कपड़ों के 20 फीसदी तक महंगे होने के कारण इस बार कारोबार कम होगा। पंडरी कपड़ा एसोसिएशन के चंदर विधानी के अनुसार, पूरे सीजन में करीब चार से पांच सौ करोड़ का कारोबार प्रदेशभर में होने की संभावना है। अगर दाम नहीं बढ़ते तो 800 करोड़ से ज्यादा का कारोबार होता।



### फर्नीचर और बर्तनों का 300 करोड़ का कारोबार

शादियों के लिए फर्नीचर और बर्तनों की भी जमकर खरीदारी हो रही है। आज महंगे फर्नीचर का ज्यादा क्रेज चल रहा है। डिजाइनर फर्नीचरों की ज्यादा डिमांड है। पूरा का पूरा सेट डिजाइन करने का ऑर्डर भी दिया जा रहा है। कारोबारियों के मुताबिक, पूरे सीजन में प्रदेशभर में करीब तीन सौ करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है।

# सतनामी समाज का लगातार अपमान, तेलीबांधा थाने में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ एफआईआर दर्ज करने दिया शिकायत पत्र

सतनामी समाज एवं गुरु घासीदास बाबा की विचारधारा के विरुद्ध सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं सतनामी समाज के लोगों ने तेलीबांधा थाना पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ता संजय शर्मा कबीर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने हेतु शिकायत पत्र सौंपा।

भाजपा कार्यकर्ता संजय शर्मा कबीर द्वारा सोशल मीडिया पर लिखा गया कि जिनके भोजन की थाली में हर निर्दोष जीव की लाश है, वह हमसे पूछते हैं कि रामराज्य का सपना कब पूरा होगा? आजकल यही लोग नानक, तुलसी, कबीर, रैदास, गुरु घासीदास के भक्त भी हैं। कांग्रेस नेताओं ने उक्त टिप्पणी को सीधे तौर पर सतनामी समाज एवं गुरु घासीदास बाबा की विचारधारा का अपमान बताते हुए कहा, इससे समाज की धार्मिक एवं सामाजिक भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं। भाजपा कार्यकर्ता द्वारा इस प्रकार की टिप्पणी सामाजिक वैमनस्य फैलाने एवं अनुसूचित जाति समाज को अपमानित करने का प्रयास है।

### सतनामी समाज का लगातार अपमान : बंजारे

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, भाजपा सरकार में लगातार सतनामी समाज को अपमानित करने की घटनाएं सामने आ रही हैं। पूर्व में आदेश सोनी द्वारा सतनामी समाज को "गाय काटने वाला समाज" कहकर अपमानित किया गया। इसी प्रकार आरंग के ग्राम गुदगुदा में बालकुमार कुर्रे के साथ थाना परिसर में मारपीट एवं अपमान की घटना हुई, जिसमें आरएसएस के जिला कार्यालय प्रमुख विजय अग्रवाल सहित बजरंग दल से जुड़े लोगों पर भी अब तक कोई कठोर कार्रवाई नहीं हुई।

### ये रहे मौजूद

तेलीबांधा थाने में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज रायपुर शहर अध्यक्ष मोहन बंजारे, सुशील जांगड़े, कोमल सांभरकर, अरुण मीरि, तोमेश गायकवाड़, राजू चेलक, बिरगांव अध्यक्ष अनिल कोशले, गंगा बंजारे, अरूण कोशले, उमेश डंडे, उदय गायकवाड़, नीरज बंजारे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# भाजयुमो की कार्यकारिणी से ओवर एज पदाधिकारी बाहर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ आधा दर्जन से ज्यादा को बनाया गया है प्रदेश पदाधिकारी

भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी में आधा दर्जन से ज्यादा पदाधिकारी ओवर एज बनाए गए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने किसी भी हाल में अंडर-35 को ही पदाधिकारी बनाने का फरमान जारी किया है, इसके बाद भी ओवर एज को पदाधिकारी बना दिया गया है। ओवर एज पदाधिकारियों के बारे में बताया जा रहा है कि ये उम्र संबंधी गलत दस्तावेज देकर पदाधिकारी बन गए हैं। भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिहा इस मामले में कह चुके हैं कि शिकायत मिलने पर जांच में कुछ पदाधिकारी ओवर एज पाए गए हैं। जो भी ओवर एज पदाधिकारी हैं, उनको बाहर करने के लिए प्रदेश संगठन के सामने प्रस्ताव रखा जाएगा, वहां से जैसे दिशा निर्देश मिलेंगे, उसके हिसाब से फैसला होगा, लेकिन करीब छह माह बीत जाने के बाद भी इस पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। ऐसे में यह मामला पिछली बार की तरह की खटाई में पड़ता नजर आ रहा है। भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी के साथ ही जिलाध्यक्षों को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से मिले निर्देश के बाद भाजपा के प्रदेश संगठन ने स्पष्ट रूप से यह निर्देश जारी किया था कि भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी में 35 साल से ज्यादा और जिलाध्यक्ष 33 साल से ज्यादा के नहीं होने चाहिए। इस निर्देश के बाद भी प्रदेश कार्यकारिणी में करीब आठ पदाधिकारियों के ओवर एज होने की बात सामने आई है।

# नीट आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नीट पेपर लीक मामले में आम आदमी पार्टी पार्टी ने तपती दोपहरी में आंबेडकर चौक में प्रदर्शन किया। पार्टी ने कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगा। आप नेताओं के कहा, यह देश के 22 लाख छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ का मामला है। यह पूरी तरह से राजनीतिक संरक्षण और बड़े स्तर पर की गई मिलीभगत का परिणाम है। उन्होंने सवाल उठाया, पिछले नीट पेपर लीक मामलों के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा क्यों नहीं दी गई है? ऐसे पेपर आमतौर पर लीक नहीं होते। इसका मतलब है कि इसमें बड़े पैमाने पर किसी तरह की मिलीभगत है। आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। 2017,2021, 2024 और अब 2026 में पेपर लीक होने से यह साबित होता है कि ऊपर स्तर पर सांठ-गांठ है।

■ आप ने कहा- छात्रों द्वारा आत्महत्या गंभीर, इस्तीफा दें केंद्रीय शिक्षा मंत्री

पीड़ित बच्चों को मिले मुआवजा

पार्टी ने कहा, परीक्षा में कथित पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने के सदमे के कारण देशभर में कई छात्रों द्वारा आत्महत्या करने के दुखद मामले सामने आए हैं। इस घटनाक्रम ने छात्रों और उनके परिवारों के बीच भारी मानसिक तनाव और आक्रोश पैदा कर दिया है। छात्रों द्वारा आत्महत्या के सभी मामलों में छात्र परीक्षा रद्द होने और भविष्य को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण वह अत्यधिक तनाव में थे जिसके कारण उन्होंने यह कदम उठाया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री इसके लिए जिम्मेदार हैं। पंजाब सरकार ने अगले महीने होने वाली इस पुनः परीक्षा में भाग लेने वाले सभी छात्रों के लिए मुफ्त बस यात्रा की घोषणा की है।

# गर्मी के धान के दाम धड़ाम, दक्षिण अफ्रीका को निर्यात रुका तो खरीदी हो गई कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन का धान 31 सौ रुपए क्विंटल में बेचने वाले किसानों के लिए गर्मी के धान पर दांव लगाना महंगा सौदा साबित हो रहा है। दरअसल इस धान से उसना चावल बनाने के लिए मिलर खरीदी करते हैं और तैयार चावल दक्षिण अफ्रीका एक्सपोर्ट किया जाता है, लेकिन इस सीजन में हालात बदले हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका ने यहां का नान बासमती (उसना चावल) लेना बेहद कम कर दिया है। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ से होने वाला चावल का निर्यात लगभग ठप हो गया है। इसी वजह से गर्मी के धान के रेट धड़ाम हो गए हैं। राज्य में रबी सीजन के धान को लेकर इस समय किसानों की सबसे बड़ी शिकायत कम दाम मिलने की है। खुले बाजार और कृषि उपज मंडियों में पिछले 15 दिनों के दौरान सामान्य (कॉमन) धान का औसत भाव अधिकांश जिलों की मंडियों जैसे रायपुर जिले में अभनपुर, नवापारा, आरंग, रायपुर सहित अन्य मैदानी जिलों, महासमुंद, दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा, बालोद की मंडियों में 1700 से 2200 रुपए प्रति क्विंटल के बीच रहा है, जबकि बेहतर किस्मों की कुछ जगह अधिक कीमत भी मिली।

### छत्तीसगढ़ से उसना चावल का एक्सपोर्ट लगभग ठप



### एक्सपोर्ट में कमी की वजह क्या

बताया गया है कि 2026 में कई अफ्रीकी देशों ने आयात घटाने और घरेलू उत्पादन बढ़ाने की नीति अपनाई है, जिससे मांग धीमी हुई। इसी वजह से छत्तीसगढ़ में मिलर्स गर्मी का धान खरीदने से बच रहे हैं, मंडियों में भाव दब गए हैं।

### क्या कहते हैं मिलर्स

मिलिंग कारोबारी और पूर्व मंडी सदस्य विजय शर्मा के मुताबिक, दक्षिण अफ्रीका के कोटनू में छत्तीसगढ़ से 4-5 लाख मीट्रिक टन उसना चावल जाता था, लेकिन अफ्रीका में बनी नई सरकार ने आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है या कम कर दिया है। इस संबंध में प्रधानमंत्री को पत्र लिखा गया था, लेकिन कुछ नहीं हुआ। छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष योगेश अग्रवाल बताते हैं कि शिपमेंट की कमी और परिवहन भाड़ा बढ़ने के कारण यहां का चावल एक्सपोर्ट नहीं हो पा रहा है। इस हालत में मिलर धान खरीदकर क्या करेगा। इस वजह से रबी के धान की कीमत कम मिल रही है।

# केंद्रीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल में शामिल हुए थौरानी, टोरंटो रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ चैंबर के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष सतीश थौरानी को दी बधाई

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में कनाडा के टोरंटो के लिए आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल सदस्य के रूप में रविवार दोपहर रायपुर से रवाना हुए। कनाडा दौरे के दौरान चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी वहां के प्रमुख उद्योगपतियों, निवेशकों और व्यापारिक संगठनों से मुलाकात करेंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ को निवेश, उद्योग और नवाचार के उभरते केंद्र के रूप में प्रस्तुत करेंगे। दौरे पर रवाना होने के दौरान छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा, यह केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के व्यापारिक समुदाय के गौरव और सम्मान का क्षण है। हमारा प्रयास रहेगा कि कनाडा के उद्योगपतियों और निवेशकों के सामने छत्तीसगढ़ की औद्योगिक शक्ति, प्राकृतिक संसाधनों की समृद्धि और यहां के उपलब्ध अपार संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए। श्री थौरानी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन ने देश के निवेश, उद्योग और आत्मनिर्भरता का एक नया वातावरण तैयार किया है। आज भारत विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था बनकर वैश्विक निवेशकों का विश्वास जीत रहा है। उसी दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि छत्तीसगढ़ को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी औद्योगिक क्षमता प्रस्तुत करने का अवसर मिल रहा है।

## पेज 9 के शेष

### गर्मी का कहर...

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने ऐसे मामलों में प्रभावित व्यक्ति को तुरंत छायादार स्थान पर ले जाकर ठंडा पानी पिलाने तथा जरूरत पड़ने पर अस्पताल पहुंचाने की सलाह दी है। ताप-दाह की गंभीर स्थिति में तत्काल 108 एम्बुलेंस सेवा को सूचना देने कहा गया है। प्रशासन ने लोगों से दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक धूप में बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी, छाछ, ओआरएस, नींबू पानी एवं आम पना जैसे पेय पदार्थों का सेवन करने की अपील की है। साथ ही सिर ढंककर बाहर निकलने, सूती एवं हल्के रंग के कपड़े पहनने तथा बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है।

### नगर में स्वच्छता ...

कहा माहवारी कोई बीमारी नहीं है। आजकल महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की समस्या बढ़ रही है, जिससे बचाव के लिए 'एचपीवी वैक्सीन' एक बेहद सुरक्षित विकल्प है। अभिषेक महोबे शिक्षक संघ अध्यक्ष, पलारी ने कहा हम जितना ज्यादा इस संदेश का प्रचार-प्रसार करेंगे, समाज में उतनी ही जागरूकता आएगी और लोगों का संकोच दूर होगा। कार्यक्रम के अंत में नगर अध्यक्ष ने सभी उपस्थित महिलाओं से अपील की कि वे यहाँ सीखी गई बातों को सिर्फ अपने तक न रखें, बल्कि अपने आस-पास और परिवार की अन्य महिलाओं व किशोरियों के साथ भी साझा करें ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके।

### सुशासन तिहार में ...

गया तथा सुशासन एवं जनकल्याण से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े ने कहा कि शासन की मंशा है कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो तथा प्रत्येक नागरिक तक मूलभूत सुविधाएं सहज रूप से पहुंचें। उन्होंने नगर के सभी वार्डों में सुचारू पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने, आवश्यकता पड़ने पर समय पर पानी टैंकर उपलब्ध कराने तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। आज के कार्यक्रम में मुख्यरूप से श्याम बाई साहू पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा, राजकुमार जायसवाल पूर्व जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, मोरध्वज पैकरा सभापति जनपद पंचायत कसडोल, शीला वर्मा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, नपं सभापति दशरथ पैकरा, अजय साहू, रामा धीवर, शकुंतला दीपक पटेल, पार्षद संतोष भारती, श्रीजानू यादव, नीरज साहू, चंद्रिका विमल वैष्णव, भानु प्रताप साहू, संजय साहू, भगवती साहू, पुनेश्वर नाथ मिश्रा एवं मंजू बंजारे, एसडीएम रामरतन दुबे, तहसीलदार विवेक पटेल, सीएमओ मनीष वारे, गोटी लाल साहू गोपाल साहू, दुखी राम साहू, शनि यादव युवा मोर्चा अध्यक्ष सहित नगर पंचायत के समस्त अधिकारी कर्मचारीगण, नगर के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

### अमर शहीदों का ...

सुरक्षाकर्मियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर मौन श्रद्धांजलि दी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा ने कहा यह दिन छत्तीसगढ़ कांग्रेस परिवार के लिए अत्यंत दुःखद एवं भावुक स्मृति का दिवस है। कांग्रेसजन इसे शहादत दिवस के रूप में मना रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुशील शर्मा, चन्द्रशेखर चक्रधारी, गणेश सिंह ध्रुव, आलोक मिश्रा, धनंजय तिवारी ठाकुर, राम साहू, मुकेश साहू, संजय बघेल, शैलेन्द्र अहिरवार, सचिन्द शर्मा, नवीन बख्श, शेष नारायण यदु, ओमप्रकाश यदु, पुनीत मानिकपुरी, मनमोहन कुर्रे, शशांक बंजारे, विजय महिलांगे, रामरतन डांडेकर, कुंजू साहू, रवि कुमार यादव, गिरिराज चावड़ा, लाला जैन सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### लोकतंत्र और जनसेवा,,,

परमेश्वर यदु, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिनेश यदु, नगर पालिका की छाया अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक साहू, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष संतोष तिवारी, जिला महामंत्री लखेश साहू, शहर महामंत्री नीरज बांधे, मोहन साहू, दिगंबर साहू, सुखदेव साहू, अजय भारती, पावन मानिकपुरी, शहर उपाध्यक्ष डिगेश्वरी, रविंद्र नामदेव, यशवंत वर्मा, खिलावन जायसवाल, महामंत्री जितेंद्र नवरत्न, मंडल अध्यक्ष गोल्डी मारईया, नेता प्रतिपक्ष सलमान शेख, जय बाघमार, शैलेंद्र ध्रुव, सूर्यकांत वर्मा, जय नायक, हेमंत ठाकुर सहित समस्त कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# सेवा सेतु पोर्टल से घर बैठे लोगों को मिलेगी 441 डिजिटल सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलाईगढ़

जिले के ब्लॉक मुख्यालयों में ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ने सीईओ जनपद पंचायत की उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया गया। इससे राज्य शासन के 441 सुविधा को मूर्त रूप देने में सहयोग मिलेगा। छत्तीसगढ़ में शासन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जन-केंद्रित बनाने की दिशा में सेवा सेतु एक महत्वपूर्ण पहल बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रशासनिक सेवाओं को आम नागरिकों तक सरल, त्वरित और डिजिटल माध्यम से पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी सोच का परिणाम है कि अब आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र, नाम परिवर्तन हेतु साधारण राजपत्र अधिसूचना, विवाह प्रमाण-पत्र (ग्रामीण एवं शहरीय) भू-नकल सहित 441 से अधिक शासकीय सेवाएं अब एक ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई जा रही है। छग शासन द्वारा लोक सेवा केन्द्र का उन्नयीकरण सेवा सेतु केन्द्र के रुप में किया गया है। जिसमें सेवा सेतु पोर्टल पर विभिन्न विभागों की सेवाएं एक साथ उपलब्ध रहेंगे। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जिले के आम नागरिकों से अपील की है कि वे सेवा सेतु अन्तर्गत उपलब्ध सेवाओं का ऑनलाईन माध्यम में लाभ उठाएं। सेवाओं के लिए समय-सीमा निर्धारित है। पहले नागरिकों को अलग-अलग विभागों की सेवाओं के लिए विभिन्न कार्यालयों में जाना होता था।

**ब्लॉक स्तर पर दिया गया प्रशिक्षण**



**86 से बढ़कर 441 से अधिक सेवाएं**

छत्तीसगढ़ में पहले ई-डिस्ट्रिक्ट प्लेटफॉर्म के माध्यम से 86 सेवाएं उपलब्ध थी। आवश्यकता को देखते हुए इसका उन्नत संस्करण सेवा सेतु विकसित किया गया। जिसमें अब 441 से अधिक सेवाएं जोड़ी जा चुकी है। इनमें 54 नई सेवाएं शामिल है, जबकि विभिन्न विभागों की 329 री-डायरेक्ट सेवाओं का भी सफल एकीकरण किया गया है। तीस से अधिक विभाग इस प्लेटफॉर्म से जुड़े हुए है, जिससे नागरिकों को अलग-अलग पोर्टल या कार्यालयों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा। इससे प्रशासनिक प्रक्रियाएं अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनी हैं।

## खबर संक्षेप



### गर्मी से राहत दिलाने राहगीरों को बांटा छाछ

**रायपुर।** रायपुर में भीषण गर्मी और लू (हीटवेव) का प्रकोप लगातार जारी है, जहां कई बार तापमान 44 से 46 डिग्री के बीच पहुंच रहा है। प्रचंड गर्मी को देखते हुए रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम द्वारा रविवार को आश्रम के सामने, जीई रोड पर लगभग 300 राहगीरों को छाछ वितरण किया गया। यह राहत कार्य नौतपा में जारी रहेगा। यह जानकारी आश्रम के सचिव स्वामी योगस्थानंद महाराज ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री (अविभाजित मध्यप्रदेश) लक्ष्मीनारायण इंदुरिया सहित आश्रम के संन्यासी एवं आश्रम के छात्र भी उपस्थित रहे।

### अभ्यर्थियों ने उच्च शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (रविवि) में प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर के शैक्षणिक पदों पर जारी भर्ती में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने राज्यपाल रमेन डेका, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में शिकायत की गई है कि नियमों के बावजूद छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। अभ्यर्थियों का आरोप है कि विश्वविद्यालय के भर्ती नियमों में छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को प्राथमिकता देने का स्पष्ट प्रावधान है, लेकिन चयन प्रक्रिया में इसका पालन नहीं किया जा रहा है। इस मौके पर अभ्यर्थियों के. सिंह, धर्मेंद्र नागेश, गौरव शर्मा आदि ने ज्ञापन में स्पष्ट किया है कि विगत वर्षों में प्रदेश के अनेक उच्च शिक्षित युवाओं ने राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से उच्च शिक्षा प्राप्त कर अध्यापन एवं शोध के क्षेत्र में अपना योगदान देने के लिए स्वयं को तैयार किया है। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में वर्तमान में संचालित शैक्षणिक पदों की भर्ती प्रक्रिया में क्षेत्रीय संतुलन, स्थानीय प्रतिनिधित्व तथा पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निम्नलिखित मांग अभ्यर्थियों ने राज्यपाल, उच्च शिक्षा मंत्री एवं सांसद के समक्ष प्रस्तुत की है।

### चोले वाली अम्मा का वर्सी महोत्सव 7 जून को तैयारियों को लेकर बैठक

**रायपुर ।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में 7 जून को चोले वाली अम्मा का वर्सी महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम संत बाबा हरदास राम साहेब, संत बाबा गेलाराम साहेब के आशीर्वाद और महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में होगा। यह जानकारी दरबार के सेवादारी इंदर सचदेव, हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी ने देते हुए बताया कि वर्सी महोत्सव में शामिल होने छत्तीसगढ़ के 11 गोदड़ीवाला धाम से अनेक बाबा भक्त व श्रद्धालु शामिल होंगे। साथ ही शहर की सभी सिंधी पूज्य पंचायतों व जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संस्थाओं को वर्सी महोत्सव का निमंत्रण दिया जाएगा।

**नियुक्ति : संगठन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प**

# कांग्रेस के शहर और ग्रामीण के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार-भाटापारा के मार्गदर्शन में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी (शहर) बलौदा बाजार द्वारा संयुक्त रूप से पदभार एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान संगठन को और अधिक मजबूत बनाने हेतु नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, जनहित के मुद्दों पर सक्रियता से कार्य करने एवं संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राकेश वर्मा ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष दीपक साहू एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी (शहर) अध्यक्ष प्रवीण सेन की उपस्थिति रही।





ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नव मनोनीत पदाधिकारियों में मनोज यादव (कोषाध्यक्ष), राजेश साहू, रंजीत ध्रुव, अरुण मनोज, दशरथ साहू, टापलाल वर्मा, गंगा साहू, भावेश वर्मा, ओमशंकर साहू, ओमप्रकाश जायसवाल, मनोज तिवारी, देवेश साहू, शिव कुमार पैंकरा, आशा डहरिया, मोहन साहू, महादेव ध्रुव, शकुन धृतलहरे, विजय पटेल, राजेश यादव, साहन साहू, शिवनाथ ध्रुव, गणेश ध्रुव, मेघा राम साहू, कृष्णा ध्रुव, मधु ध्रुव, संतोष वर्मा, बिरसिंग धृतलहरे, विलासिन ध्रुव, राजेश नेताम एवं रामवती जांगड़े सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने की शपथ ली।

वहीं शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नव मनोनीत पदाधिकारियों में गेवेंद्र साहू (कोषाध्यक्ष), सुभाष राव, डिगेश्वरी नामदेव, सुमन कनौजे, लाला पप्पू साहू, मधुकर गुप्ता, अभिषेक जायसवाल, नीरज बांधे, चित्रेश्वर साहू, भेनू साहू, देवेन्द्र बजारे, मोहन साहू, तारिणी चन्द्राकर, दिनेश साहू, विशाल उज्जैन, गौतम ठेठवार, सोहेल खान, गब्बर सोनी, पवन मानिकपुरी, ईश्वर पटेल, वरुण नेताम, कमलेश साहू, सुरेश घृतलहरे एवं राजू रजक सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने शपथ ग्रहण की।इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव आम जनता की आवाज उठाने एवं जनहित के कार्यों के लिए प्रतिबद्ध रही है। संगठन की मजबूती में युवा एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। समारोह में उत्साह, संगठनात्मक एकजुटता एवं जनसेवा का भाव देखने को मिला।

# साइंस सेंटर में बच्चों ने जानी विज्ञान की महत्ता



हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर में फिजिकक्स एंड केमेस्ट्री फन फैक्ट्री एवं वेस्ट टू वाव" समर साइंस कैंप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कलिंगा यूनिवर्सिटी, रायपुर का सहयोग प्राप्त हुआ।

■ फिजिक्स एंड केमिस्ट्री फन फैक्ट्री और वेस्ट टू वॉव समर साइंस कैंप का आयोजन

कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता, नवाचार क्षमता तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। गतिविधि आधारित इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों ने विज्ञान के सिद्धांतों को केवल पढ़ा नहीं, बल्कि स्वयं प्रयोग कर उन्हें समझा।

रसायन विज्ञान सत्र में विद्यार्थियों ने क्रिस्टलाइजेशन, इलेक्ट्रोलिसिस, अम्ल-क्षार अभिक्रिया, मिल्क आर्ट तथा न्यूट्रलाइजेशन जैसे प्रयोगों को व्यावहारिक रूप से किया। वहीं भौतिक विज्ञान के अंतर्गत न्यूटन के गति नियम, दाब एवं निर्वात जैसे महत्वपूर्ण सिद्धांतों को रोचक गतिविधियों के माध्यम से समझाया गया।

वेस्ट टू वॉव कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने अनुपयोगी एवं पुनर्चक्रित सामग्री का उपयोग कर उपयोगी वैज्ञानिक मॉडल एवं आकर्षक क्राफ्ट सामग्री तैयार की। विद्यार्थियों ने वाटर लेवल इन्देकाटर मॉडल के माध्यम से जल स्तर संकेतक की कार्यप्रणाली को समझा, वहीं इलेक्ट्रोमैग्नेटिक क्रेन बनाकर विद्युत एवं चुंबकत्व के सिद्धांतों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। खरोरा क्षेत्र से कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों कवि पंसारी, लव्य, तन्मय, लव कोसले, लक्ष्य देवांगन, चारु यादव, वर्षिता, धनुष्का एवं साक्षी चंद्राकर ने सक्रिय सहभागिता करते हुए सफलतापूर्वक कैंप पूर्ण किया तथा प्रमाण पत्र प्राप्त किए।

# मध्यप्रदेश की घटना पर जैन समाज ने जतायी नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

मध्यप्रदेश में रीवा जिले में विहार के दौरान आर्यिका माताजी के साथ हुई दुःखद घटना के विरोध एवं जैन संतों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग को लेकर सकल दिगम्बर जैन समाज, बलौदाबाजार ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

■ कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में जैन समाज ने मांग की कि जैन मुनिराज एवं आर्यिका माताजी के विहार मार्ग में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं वाहन गति सीमा सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जैन समाज अध्यक्ष संदीप जैन, पूर्व जैन समाज अध्यक्ष दिनेश जैन, जैन समाज सचिव अनुराग जैन, जैन समाज कोषाध्यक्ष धीरज जैन, महिला मंडल अध्यक्ष नविता जैन, महिला मंडल पूर्व अध्यक्ष ममता जैन सहित मनोरमा जैन, साधना जैन, नेहा जैन, अनिल छाबड़ा, नितिन जैन, प्रवीण जैन एवं ऋषभ जैन उपस्थित थे। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे एवं सभी ने जैन संतों की सुरक्षा हेतु प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग की।

# दिगम्बर जैन समाज सिमगा ने प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा



जैन समाज के राष्ट्रीय आह्वान पर आज सिमगा दिगम्बर जैन समाज के लोगों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम विहाररत जैन साधु साध्वी के विशेष सुरक्षा प्रदान करने तथा गम्भीर दुर्घटनाओं को रोकने एवं आर्यिका माता की दुर्घटना प्रकरण की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से उल्लेख किया गया है कि समस्त जैन समाज अत्यन्त दुःख एवं गहरी वेदना के साथ आपका ध्यान दिनांक 20 मई को मध्य प्रदेश के रीवा जिला मुख्यालय में कलेक्ट्रेट भवन के सामने राष्ट्र संत आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की शिष्या आर्यिका श्री 105 श्रुतमति एवं आर्यिका श्री 105 उपशममति माताजी के साथ हुई अत्यंत दुखद घटना की ओर आकर्षित करना चाहते हैं, जिसमें संघ की पूज्य आर्यिकाओं का असामयिक निधन हो गया। यह घटना केवल एक सड़क दुर्घटना भर नहीं मानी जा सकती। उपलब्ध तथ्यों एवं वीडियो क्लिपों के आधार पर समाज में गहरी आशंका एवं चिंता का वातावरण निर्मित हुआ है। अतः इस प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्चस्तरीय जाँच अत्यन्त आवश्यक है।

जैन साधु-संत पूर्णतः निहत्थे, अहिंसक एवं पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं। वे किसी प्रकार की सुरक्षा या सुविधाओं का उपयोग नहीं करते तथा समाज में शांति, संयम और अहिंसा का संदेश प्रसारित करते हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अध्यक्ष सुलभ जैन, सचिव अभिषेक जैन, सलाहकार विजय जैन, जिनेद्र जैन, राजेश जैन, राजू जैन, अकलंक जैन, शांतिलाल जैन, आलोक जैन, सम्भव जैन आदि उपस्थित थे।

# जल संरक्षण के लिए शोकता गड्ढा निर्माण का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी

ग्राम पंचायत गोंडा में जल संरक्षण को बनाए रखने के लिए डब्ल्यू ए टी के तहत 1680 शोकता गड्ढा का निर्माण लगभग आठ लाख 76 हज़ार की लागत से बनाए जा रहे हैं। इससे गांव की जल के लेवल को बनाया जा सके, ताकि गांव में भविष्य में पानी की जल स्तर मेंटेन हो सके। इस कार्यक्रम के भूमि पूजन में तेजराम वर्मा पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा मंडल बलौदाबाजार, सरपंच उषा जागेश्वर धीवर, उपरपंच नोहर वर्मा, मुरली साहू, पूर्व सरपंच वीरसिंह नवरंगे, बोधन भारद्वाज, गीता वर्मा, अश्वनी वर्मा, ईश्वर साहू, चंगू नारंगें, किशन मन्हरे, निर्मला जोशी, चेतन सेन बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# नपं में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

नगर पंचायत खरोरा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 – निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की भूमिकाएं एवं दायित्व विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को स्वच्छता के नए नियमों व उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराना था। कार्यशाला में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों, कचरा पृथक्करण, बल्क वेस्ट जनरेटर की अवधारणा और डिजिटल पोर्टल के उपयोग पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही, वार्ड स्तर पर स्वच्छता गतिविधियों, पुराने डंप साइटों की सफाई और वार्ड स्वच्छता समिति के गठन पर जानकारी दी गई। इस दौरान स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 एवं गार्बेज फ्री सिटी स्टार रेटिंग में बेहतर प्रदर्शन के लिए जनप्रतिनिधियों की भूमिका को रेखांकित करते हुए, उनसे नागरिकों को जागरूक करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बीमारी की टेंशन के साथ गर्मी की मार... 44 डिग्री तापमान में बरामदा, शेड ही मरीजों का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



सरकारी अस्पताल में बीमारी के इलाज की टेंशन, ऊपर से 44 डिग्री गर्मी से मरीज और उनके परिजन हलाकान हो रहे हैं। आंबेडकर अस्पताल और डीके हास्पिटल पहुंचने वाले मरीज और उनके परिजनों को लिए पर्याप्त ठिकाना न होने से उन्हें बरामदा अथवा शेड के नीचे रहकर वक्त गुजारना होता है। दोनों अस्पतालों में इनके लिए अस्थायी आवास बनाने की योजना तो थी, मगर फंड के अभाव में इस पर काम ही शुरू नहीं हो पाया। दोनों अस्पतालों में रोजाना करीब तीन हजार मरीज चिकित्सकीय सलाह के लिए आते हैं। इनमें से करीब हजार लोगों को अपने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है और उनसे दोगुने अटेंडर अस्पताल में रह जाते हैं। भारी गर्मी के बीच दिन में अस्पताल परिसर में इधर-उधर घूमकर अथवा बरामदे और शेड के नीचे बैठकर समय गुजारना उनकी मजबूरी होती है। इसकी मुख्य वजह अस्पतालों में इन अटेंडरों अथवा जांच के दौरान अस्पताल के आसपार रुकने वाले मरीजों के अस्थायी ठिकाने की व्यवस्था नहीं है। शासन स्तर पर इसके लिए कई बार योजना तो बनाई गई, मगर फंड के अभाव में इस पर काम ही शुरू नहीं हो पाया। आंबेडकर अस्पताल में सुविधायुक्त भवन नहीं होने की वजह से मरीजों और उनके देखरेख करने वालों को वार्ड के बाहर बरामदे में बैठकर दिन गुजारना पड़ता है।

### परशुराम नगर में पेयजल संकट, रहवासी त्रस्त

रायपुर। नगर निगम जोन 6 क्षेत्र स्थित महामाया मंदिर वार्ड के परशुराम नगर में पिछले 5 दिनों से लोगों के घरों में नगर निगम द्वारा लगाए गए नलों से पानी नहीं आ रहा है, इससे रहवासी बेहद परेशान हैं। महाराजबंध तालाब के पास पटेल विद्या मंदिर चौक के पास यह स्थिति बनी हुई है। लोगों का कहना है कि पेयजल समस्या दूर करने उन्होंने वार्ड पार्षद से भी आग्रह किया है, इसके बाद भी पेयजल की समस्या दूर नहीं हुई।



## खबर संक्षेप

### पीएम और गृहमंत्री को गद्दार कहना कांग्रेस का मानसिक दिवालियापन

**मुंडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा गद्दार शब्द का प्रयोग किए जाने की लवन भाजपा मंडल ने निंदा की है। अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी ने इस तरह की घटिया और अपमानजनक भाषा का प्रयोग कर राहुल गांधी ने न केवल पद की गरिमा को ठेस



पहुंचाई है बल्कि देश के लोकतंत्र और जनमत का भी घोर अपमान किया है। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस आज राजनीतिक पाताल लोक में जा गिरी हैं, जहां से केवल वैचारिक दुर्गंध आ रही है। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रभक्त संगठन आरएसएस को गद्दार कहना उनकी अराजक मानसिकता और देश की जनता की विवेक का अपमान है।

### एक्सप्रेस-वे पर गलत तरीके से रास्ता खोला, कांग्रेस ने किया विरोध-प्रदर्शन

**रायपुर।** कांग्रेस के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने सिटी सेंटर मॉल के सामने बने एक्सप्रेस-वे का रूट बीच में खोलने वाले पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा, जहां एक तरफ भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री लगातार विकास कार्यों में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का दावा करते हैं, वहीं पीडब्ल्यूडी के कुछ अधिकारी अपने फायदे के लिए बड़े कॉलोनाइजरों से मिलीभगत कर आम जनता को दुर्घटनाओं के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। कांग्रेस का दावा है यह कार्य निजी और आर्थिक लाभ के लिए किया जा रहा है, जिसके कारण पूरे प्रोजेक्ट की दिशा बदली जा रही है।

## निधन

### रामाधार नायक

**खरोरा।** ग्राम बरबंदा निवासी



रामाधार नायक का 87 वर्ष का 24 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम बरबंदा में हुआ। वे स्वामी आत्मानंद पब्लिक स्कूल बरबंदा के प्राचार्य एवं सेवानिवृत्त शिक्षक रहे। उनके निधन से ग्राम बरबंदा सहित समस्त क्षेत्र में शोक की लहर है। पुत्र मुक्तानंद नायक, पुत्र बीरेंद्र नायक एवं समस्त रामलीला मंडली सदस्य तथा ग्रामवासियों की ओर से उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### मुकेश झा

**पलारी।** ग्राम खपरी निवासी मुकेश



झा 47 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। स्व. झा खपरी की पूर्व सरपंच नबीना झा के ज्येष्ठ पुत्र, पंच मितानिन प्रीति झा के पति, सर्वेश झा के बड़े भैया व तनमय, भेनु झा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को ग्राम खपरी में सुबह 9 बजे किया जाएगा।

### गोपाल दास हबलानी

**बलौदाबाजार।** शहर के रायपुर



रोड स्थित विनायकम कॉलोनी निवासी एवं गुड़िया रेडीमेड प्रतिष्ठान के संचालक गोपाल दास हबलानी का सोमवार को निधन हो गया। उनके निधन से परिवार सहित समाज में शोक की लहर व्याप्त है। वे संदीप हबलानी, संजय हबलानी के पूज्य पिता व राणा हबलानी, बसंत हबलानी के भाई तथा रिंकू हबलानी एवं दीपक हबलानी के बड़े पापा थे। उनकी अंतिम यात्रा आज प्रातः 9 बजे निज निवास विनायकम कॉलोनी से रायपुर रोड से मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

# सुहेला-सिमगा मुख्य मार्ग की हालत जर्जर, आप ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## भारी मालवाहक वाहनों से सड़क क्षतिग्रस्त, आम नागरिकों को हो रही भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला आम आदमी पार्टी की टीम ने जिलाध्यक्ष भुनेश्वर सिंह डहरिया के नेतृत्व में जिला कलेक्टर से मुलाकात कर सुहेला–सिमगा मुख्य मार्ग की अत्यंत जर्जर स्थिति एवं निजी सीमेंट कंपनियों के भारी मालवाहक वाहनों से सड़क को हो रहे नुकसान को लेकर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को अवगत कराया कि वर्षों से इस मार्ग पर भारी वाहनों का लगातार दबाव बना हुआ है, जिसके कारण सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है। जगह-जगह बड़े गड्ढे होने से आम नागरिकों, ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों एवं राहगीरों को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है तथा बरसात के समय स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। कलेक्टर महोदय ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश देने एवं सुहेला–सिमगा मुख्य मार्ग की जल्द मरम्मत एवं नवीनीकरण कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के जिला प्रभारी डॉ. सहदेव, जिलाध्यक्ष भुनेश्वर सिंह डहरिया, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार मनहर जिला संगठन मंत्री दिलीप कुमार फेकर, जिला कोषाध्यक्ष अध्यक्ष जसपाल सिंह, जिला अध्यक्ष यूथ हरिशंकर नारंग जिला अध्यक्ष किसान फुल दास बलौदाबाजार ब्लॉक अध्यक्ष नेमन दास, सुखनंदन पाटिल उपस्थित रहे।



### ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की उठाई मांग

आम आदमी पार्टी की ओर से यह भी कहा गया कि क्षेत्र में संचालित निजी सीमेंट कंपनियों के भारी ओवरलोड मालवाहक वाहनों के कारण सड़क की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया है। आम आदमी पार्टी ने प्रशासन से मांग की कि सड़क की तत्काल मरम्मत के साथ-साथ पूर्ण नवीनीकरण कराया जाए तथा भारी वाहनों पर आवश्यक नियंत्रण एवं कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## शहीद नेताओं के आदर्श और बलिदान से कार्यकर्ताओं को मिलती रहेगी प्रेरणा

# झीरम श्रद्धांजलि दिवस पर कांग्रेसियों ने दी शहीद नेताओं को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



छत्तीसगढ़ की झीरम घाटी में हुए नक्सली हमले को लोकतंत्र पर सबसे बड़ा घाव बताते हुए कांग्रेसजनों ने ग्राम खपराडीह में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर शहीद नेताओं को नमन किया। कार्यक्रम का आयोजन बूथ अध्यक्ष के निवास में किया गया, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने झीरम घाटी हमले में शहीद हुए नेताओं की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुहेला के अध्यक्ष भानु प्रताप वर्मा ने कहा कि झीरम घाटी की घटना लोकतंत्र पर कायरतापूर्ण हमला था। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जनता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि शहीद नेताओं के आदर्श और संघर्ष आज भी कार्यकर्ताओं को जनसेवा के लिए प्रेरित करते हैं।

पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भुवनेश्वर वर्मा ने कहा कि झीरम घाटी के शहीद नेताओं का बलिदान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा शहीद नेताओं के विचारों और जनहित की भावना को आगे बढ़ाने का कार्य करती रहेगी।

सुहेला मंडल अध्यक्ष गजेन्द्र वर्मा ने कहा कि झीरम घाटी में शहीद हुए नेताओं का त्याग और समर्पण सदैव याद रखा जाएगा। उनका बलिदान कांग्रेस पार्टी के संकल्पों और संघर्षों में सदा जीवित रहेगा। कार्यक्रम में सुहेला मंडल अध्यक्ष गजेन्द्र वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री, पूर्व सरपंच उर्मिला ध्रुव, खपराडीह सेक्टर अध्यक्ष शकुंतला बघमार, बूथ अध्यक्ष रामकुमार बघमार, रमेश वर्मा सहित कांग्रेस पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता अशोक भारद्वाज, हेमंत नायक, धर्मेंद्र बघमार, पदुम वर्मा, परमेश्वर साहू, मोहित बघमार, महेश बघमार, मीणा बघमार एवं अश्वनी बघमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज के रामकृपाल निर्विरोध बने सह-सचिव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

ग्राम पंचायत मुंडा छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज की बैठक हुई। इस बैठक में समाज के सर्वांगीण विकास, आगामी कार्यक्रमों और संगठन विस्तार को लेकर कई अहम फैसलें लिए गए। इस बैठक का एक मुख्य एजेंडा समाज में काफी समय से रिक्त चल रहे सह-सचिव के पद को भरना था।

पद के लिए सामाजिक पदाधिकारियों की मौजूदगी में श्री रामकृपाल वर्मा का नाम प्रस्तावित किया गया। अन्य कोई नाम सामने न आने के कारण, पूरे समाज ने सर्वसम्मति से रामकृपाल वर्मा को निर्विरोध सह-सचिव नियुक्त किया। उनकी इस नियुक्ति पर समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। इस मौके पर छत्तीसगढ़ परगियाकुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष लहाराम वर्मा, संरक्षक गिरवर प्रसाद वर्मा, कोषाध्यक्ष हलधर प्रसाद वर्मा, सचिव जीवराखन वर्मा, लोकपाल धरमलाल वर्मा, परसराम वर्मा, मीडिया प्रभारी सुमेर वर्मा, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष केशव वर्मा, पुरेंदर वर्मा, भगवानी प्रसाद वर्मा, अखिलेश वर्मा, ग्राम प्रमुख अशोक वर्मा, समारूह राम वर्मा, रामकुमार दिलीप वर्मा, चंद वर्मा, डीगेस वर्मा, अंतराम वर्मा, टेकराम वर्मा, पुलस वर्मा, राजू लाल वर्मा, प्रभु दयाल, ओम प्रकाश, गोविंद वर्मा, रूद्र शंकर, उत्तर वर्मा, कमलेश वर्मा, धर्मेंद्र, भोलाराम वर्मा, शिव वर्मा, चंद्र भूषण, योगेश वर्मा सहित समाज के लोग शामिल थे।

## सर्व यादव समाज बलौदाबाजार तहसील के पुनः अध्यक्ष बने डॉ. कमलेश्वर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

महतारी सदन, सकरी में सर्व यादव समाज की बैठक एवं चुनाव हुआ। कार्यक्रम में सकरी निवासी कमलेश्वर यादव को पुनः सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। उनके पुनर्निर्वाचन पर समाजजनों एवं उपस्थित पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया।

कार्यक्रम में वर्तमान जिलाध्यक्ष संतोष यदु विशेष रूप से उपस्थित थे। चुनाव प्रक्रिया प्रभारी इंद्रजीत यदु एवं सहप्रभारी पुष्पा यादव के नेतृत्व में संपन्न हुई। दोनों के मार्गदर्शन में निष्पक्ष एवं सर्वसम्मति से कमलेश्वर यादव को पुनः ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस अवसर पर समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष वकील दुजेराम यदु, दिनेश यादव, धीरज यादव, रितेश यादव (युवा प्रकोष्ठ जिला महामंत्री सर्व यादव समाज), संजय यादव, अशोक यादव, रेशम यादव सहित बलौदाबाजार ब्लॉक के वरिष्ठ बुजुर्ग, युवा साथी एवं समाज के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में महिला नेतृत्व की भी सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। महिला जिलाध्यक्ष पुष्पा यादव, मंजू यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष गीता यादव, सुनीता यादव, कुसुम यादव सहित बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।बैठक में समाज की एकता, संगठन की मजबूती एवं सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर विशेष चर्चा की गई। उपस्थित सभी सदस्यों ने नव-निर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश्वर यादव को शुभकामनाएं देते हुए समाजहित में निरंतर कार्य करने का विश्वास जताया।

## बिजली गुल, खाद भी नहीं, कैसा सुशासन : डॉ. बिशेसर वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी के महामंत्री डॉ. बिसेसर वर्मा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ जनता अघोषित बिजली कटौती, बढ़े हुए बिजली बिल, डीजल-पेट्रोल, गैस और खाद संकट से परेशान है, वहीं दूसरी ओर सरकार सुशासन तिहार मनाकर जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में लगातार हो रही



बिजली कटौती से लोगों को दिन और रात दोनों समय भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं। सरकार दावा कर रही है कि खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, जबकि अधिकारी कह रहे हैं कि अभी वितरण शुरू ही नहीं हुआ है। ऐसे में किसान और आम जनता दोनों परेशान हैं। डॉ. वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा खाद का उपयोग कम करने की सलाह दी जा रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर किसान खाद की कमी से जूझ रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर भाजपा सरकार किस बात का सुशासन तिहार मना रही है । उन्होंने कहा कि क्या सरकार पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों, खाद संकट, अघोषित बिजली कटौती और बढ़े हुए बिजली बिलों से परेशान जनता की मजबूरी पर उत्सव मना रही है ।

## शिवनाथ के पानी का हो रहा दोहन, लेकिन गहरीकरण और सफाई की ओर किसी का ध्यान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

क्षेत्र की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी यहां से सात किलोमीटर दूर सेमरियाघाट शिवनाथ नदी में बने एनीकट के नीचे का हिस्सा मई माह की भीषण गर्मी में सूख गया है और यहां पर पत्थर कचरा दिखाई पड़ रहा है। वहीं शिवनाथ नदी के इतने बड़े पाट को अगर साफ कराया जाय तो इसमें और अधिक पानी आ सकता है, लेकिन नदी के पानी का भरपूर दोहन हर कोई करता है। नदी की सफाई गहरीकरण की चर्चा कभी नहीं होती। शिवनाथ नदी जो दौरेगा, रोहरा बलौदाबाजार भाटापारा जिला में आता है, यहां से सीमा शुरु होती है जो कि 32 किमी दूर रामपुर करहीबाजार होते हुए महानदी में जाकर मिलती है।

वर्तमान में शिवनाथ नदी के पानी का दोहन भरपूर हो रहा है, किन्तु रखरखाव और भविष्य के विषय में सोचना भी प्रारंभ नहीं हुआ है, जबकि पानी की जरूरत हर मायने में कई गुना बढ़ गई है। नदियों की सफाई के लिए पानी के अंदर से व सूखी नदी की सफाई के लिए टेक्नोलॉजी विकसित हो चुकी है, जिससे नदी को साफ व गहरा किया जा सकता है। आज शिवनाथ नदी के भरोसे कई पावर प्लांट निर्भर है, जो लगातार यहां से पानी का दोहन कर रहे, इसलिए अगर नदी का भविष्य बचाना हो व क्षेत्र में पर्याप्त पानी लोगों को मिल सके तो शिवनाथ नदी की सफाई व गहरीकरण किया जाना आवश्यक है, जिससे पूरे साल भर पानी नदी में भरा रहे।



### एनीकट और पाइपलाइन परियोजना से मजबूत होगी जल व्यवस्था

45 किमी के लंबे सफर बेमेतरा जिला में नांदघाट सेमरिया कुम्हरखान रामपुर में एनीकट बने हैं। वहीं सेमरिया घाट में शिवनाथ नदी में एक पानी की टंकी बन रही है, जो टेमरी घुरसेना से आगे के लिए टंकी से बडी पाइप लाइन से पानी की आपूर्ति होगी। वहीं भाटापारा क्षेत्र में टोहडीघाट इंटकवेल से पानी की आपूर्ति होती है। सन 1957 से स्थापित जल आपूर्ति यहां से जारी है, जिस समय पानी की व्यवस्था टोहडीघाट से की गई थी, उस समय शहर की आबादी 15 के करीब थी और अभी वर्तमान में 80 हजार की आबादी हो गई है। शिवनाथ नदी का पाट करीब 300 मीटर चौड़ा है और वहां बने एनीकट में भरे पानी से छेड़छाड़ नहीं होने के कारण पानी बचा हुआ है और पूरे शहर की प्यास बुझा रहा है, लेकिन अगर शिवनाथ नदी का गहरीकरण कर सफाई हो जाये तो इसमे और अधिक पानी आयेगा और भविष्य में पानी का संकट भी नहीं होगा।

## 10 वर्षों से घर पर ही तैयार कर रहे उन्नत बीज

# खरीफ फसल की तैयारी में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

सिमगा विकासखंड के ग्राम भालेसूर के साधन संपन्न किसान जागेश्वर प्रसाद वर्मा इन दिनों खरीफ फसल की तैयारी में जुटे हैं।



लगभग 40 एकड़ में खेती करने वाले किसान वर्मा अपने खेतों में आधुनिक एवं पारंपरिक तकनीक का समन्वय कर खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे पिछले 10 वर्षों से घर पर ही धान का बीज तैयार कर बोनी योग्य बनाते आ रहे हैं, जिससे उन्हें बेहतर उत्पादन प्राप्त हो रहा है। किसान जागेश्वर प्रसाद वर्मा ने बताया कि इस वर्ष वे 20 एकड़ में जटाधारी धान तथा अन्य रकबे में संपदा सरना किस्म लगाने की तैयारी कर रहे हैं। बीज तैयार करने की अपनी विधि के बारे में उन्होंने बताया कि एक बड़े पात्र में लगभग 10 लीटर पानी भरकर उसमें एक मुर्गी का अंडा और एक आलू डालते हैं। इसके बाद पानी में नमक मिलाया जाता है। जब अंडा और आलू नीचे बैठ जाते हैं, तब उसमें धान डाला जाता है। जो धान नीचे बैठ जाता है, उसे बोनी योग्य माना जाता है, जबकि ऊपर तैरने वाले धान को अनुपयोगी समझकर अलग कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इस विधि से प्रति एकड़ 30 से 32 क्विंटल तक धान उत्पादन प्राप्त होता है। हालांकि बीते वर्ष पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ और लगभग 25 क्विंटल प्रति एकड़ ही उपज मिल सकी। इस वर्ष खाद संकट को देखते हुए उन्होंने रोपाई की बजाय सीधे बुवाई पद्धति अपनाने की बात कही है। किसान वर्मा की यह पहल क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणादायक बन रही है।



